बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना–1

(पंजीयन–633/2003)

अध्यक्ष
कृष्ण मुरारी शर्मा
☎ : 2224282(O), 2353207(R)

महासचिव
विपिन कुमार सिन्हा
☎ : 2205421(R), 9835253822(M)

उपाध्यक्ष
भगलू रजक
सोहैब अहमद
संयुक्त सचिव
केशव कुमार सिंह
केशव रंजन प्रसाद
कोषाध्यक्ष
महेश प्रसाद गुप्ता
☎ : 2232755(O), 2262597(R)

बिहार प्रशासनिक सेवा संघ — सत्यमेव जयते

पत्रांक– 13

दिनांक 21.5.2007

सेवा में,

आयुक्त एवं सचिव,
वित्त विभाग, बिहार सरकार, पटना ।

विषयः बिहार प्रशासनिक सेवा सहित राज्य सरकार के सभी पदाधिकारियों को भारत दर्शन हेतु एल0टी0सी0 की सुविधा उपलब्ध कराने के संबंध में ।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में "संघ" की कार्यकारिणी समिति में विचार विमर्श किया गया । कार्यकारिणी समिति के सदस्यों की आम राय थी कि एल0टी0सी0 की सुविधा केन्द्रीय कर्मचारियों के समतुल्य राज्य सरकार के पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों को इस लिये प्रदान किया जाय जिससे कि पूरे देश की संस्कृति, सभ्यता एवं उसके कार्य–प्रणाली से वे अवगत हो सकें । विभिन्न राज्यो की कार्य–प्रणाली से अवगत होने के उपरान्त ही इस राज्य के पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों के कार्य स्तर में गुणात्मक सुधार होगा ।

2. वर्त्तमान में राज्य सरकार के पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों को राज्य के अन्दर ही भ्रमण हेतु एल0टी0सी0 की सुविधा उपलब्ध है । झारखण्ड राज्य के अलग होने के उपरान्त इस राज्य का सीमा काफी छोटा हो गया है, फलस्वरूप एल0टी0सी0 का औचित्य नहीं रह गया है ।

अतः संघ का अनुरोध है कि बिहार सरकार के पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों को केन्द्र सरकार एवं अन्य दूसरे राज्य सरकारों के पदाधिकारी एवं कर्मचारियों के अनुरूप भारत दर्शन की सुविधा एल0टी0सी0 के तहत अनुमान्य करनें की कृपा की जाय ।

[signature] 21/5/07
(विपिन कुमार सिन्हा)
महासचिव

[signature] 21/5/07
(कृष्ण मुरारी शर्मा)
अध्यक्ष